भक्तो का चीर के कलेजा देख ले

तेरा खाटू धाम मिलेगा देखले,
भक्तो का चीर के कलेजा देख ले,
तेरे जैसा श्याम मिले गा देखले,
भक्तो का चीर के कलेजा देख ले

खाटू धाम दिल में समाया हुआ है,
तुझे श्याम दिल में वसाया हुआ है,
बैठा मोर छड़ी को धाम मिलेगा देखले,
भक्तो का चीर के कलेजा देख ले

रोज रोज तेरा दरबार देखता,
सोहना सोहना तेरा श्रृंगार देखता,
पकड़े नीले की लगाम मिले गा देखले,
भक्तो का चीर के कलेजा देख ले

फागण का नजारा दिल में घूम रहा है,
आत्मा में जय जय कारा गूंज रहा है,
लहराता निशान मिलेगा देख ले,
भक्तो का चीर के कलेजा देख ले

हमे तेरा जब से देदार हुआ है,
जान से भी ज्यादा तुमसे प्यार हुआ है,
लिखा तेरा नाम मिलेगा देखले,
भक्तो का चीर के कलेजा देख ले

वनवारी कहता ये दीवाना मेरे श्याम,
दिल से कही निकल नहीं जाना मेरे श्याम,
वरना मेरी जाएगी ये जान देखले,
भक्तो का चीर के कलेजा देख ले

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/8906/title/bhakto-ka-cheer-ke-kajela-dekh-le

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |